an>

Title:Regarding Human trafficking of girls from Jharkhand.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : सभापति जी, मैं झारखंड से सम्बन्धित मानव तस्करी का महत्वपूर्ण विÂ◌ाय उठाना चाहता हूं। झारखंड से प्रतिवÂ◌ार्न हजारों लड़कियों को दिल्ली में ले जाकर बेचा जा रहा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में लातेहार जिले सहित झारखंड के गुमला, लोहरदग्गा, गोड्डा, सिमडिगा जिलों से प्रति वÂ◌ार्न हजारों लड़कियों को दिल्ली में काम कराने के लिए लाकर यहां बेचा जा रहा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के महुआडाट प्रखंड में मानव तस्करी का गोरखधंधा चरम पर है। बिचौलियों द्वारा प्रति वÂ◌ार्न सैंकड़ों लड़कियों को दिल्ली में लाकर बेचा जा रहा है। महुआडाट प्रखंड के पहराटोली गांव से ही पिछले दो महीने में डेढ़ दर्जन से अधिक लड़कियों को दिल्ली लाकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। मैं आपके माध्यम से गृह मंत्रालय से यह आग्रह करूंगा कि दिल्ली पुलिस और दिल्ली प्रशासन को निदेश दिया जाए कि ऐसे सम्बन्धित मामलों की जांच की जाए और जो बिचौलियों तथा एजेंसीज का नेटवर्क है, उन पर कार्रवाई करके कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Nishikant Dubey is permitted to associate with the issue raised by Shri Sunil Kumar Singh.